छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

ब्लाक 7–ए, द्वितीय तल, ऑफिस कॉम्प्लेक्स, सेक्टर–24,
अटल नगर, नवा रायपुर

वर्ष 2020–21 में निगम के गोदामों में उपलब्ध तुअर (अरहर) दाल विक्रय हेतु ई–निविदा दस्तावेज

निविदा जारी करने की दिनांक 19.10.2020

निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 18.11.2020

निविदा खोलने का दिनांक 19.11.2020

निविदाकार के हस्ताक्षर व सील

छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

ब्लाक–7ए, द्वितीय तल, सेक्टर–24, ऑफिस कॉम्प्लेक्स, अटल नगर, नवा रायपुर
मुख्यालय–रायपुर

// तुअर (अरहर) दाल विक्रय हेतु ई–निविदा //

// निविदा दस्तावेज के साथ संलग्न परिशिष्ट का विवरण //

निविदा दस्तावेज के साथ निम्नानुसार परिशिष्ट संलग्न है, जिनके प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकार द्वारा हस्ताक्षर कर अपनी सील अंकित की जावेगी एवं समस्त परिशिष्ट निविदा दस्तावेज के अभिन्न अंग माने जावें।

परिशिष्ट – 01	इस परिशिष्ट पर तुअर (अरहर) दाल विक्रय निविदा संबंधी प्रक्रिया, निविदा हेतु परिभाषाएं, निविदा के नियम एवं शर्तें दर्शित है।
परिशिष्ट – 02	इस परिशिष्ट पर जिले का नाम व प्रदाय केन्द्र/गोदाम का विवरण, जहां तुअर (अरहर) दाल भण्डारित है, की गोदामवार उपलब्ध मात्रा की जानकारी दी गई है।
परिशिष्ट – 03	इस परिशिष्ट पर निविदाकार का परिचय एवं संक्षिप्त विवरण चाहा गया है।
परिशिष्ट – 04	तुअर (अरहर) दाल विक्रय हेतु प्रस्तुत दर प्रति मे.टन का विवरण (प्राइज बीड)
परिशिष्ट – 05	निविदा के साथ जमा अमानत राशि का विवरण पत्रक
परिशिष्ट – 06	इस परिशिष्ट पर तुअर (अरहर) दाल विक्रय संबंधी अनुबंध पत्रक का प्रारूप है जो कि सफल निविदाकार द्वारा प्रत्येक जिला/प्रदाय केन्द्र हेतु रूपये 100/– के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अनुबंध निष्पादित किया जावेगा।
परिशिष्ट – 07	तकनीकी बिड संबंधी घोषणा पत्र (100/–के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर)
परिशिष्ट – 08	फाईनेशियल बिड संबंधी घोषणा पत्र (100/–के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर)
परिशिष्ट – 09	अनिवार्य दस्तावेज/शपथ पत्र की चेक लिस्ट
परिशिष्ट – 10	द्वितीय ई–निविदा संबंधी निर्देशिका

समस्त निविदाकारों से अनुरोध है कि वे उक्त परिशिष्ट का गहन अध्ययन करने के उपरांत ही अपनी दरें आनलाईन प्रस्तुत करें ताकि उनके द्वारा प्रस्तुत की गई निविदा विधिवत रूप से सही–सही प्रस्तुत हो सके।

प्रबंध संचालक
छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड
रायपुर (छ0ग0)

निविदाकार के हस्ताक्षर व सील

छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

ब्लाक–7ए, द्वितीय तल, सेक्टर–24, ऑफिस कॉम्प्लेक्स, अटल नगर, नवा रायपुर
मुख्यालय–रायपुर

तुअर (अरहर) दाल विक्रय हेतु ई–निविदा वर्ष 2020–21

1.	निविदाकार का नाम एवं पूर्ण पता	:–	.....
2.	मोबाइल नं.	:–	.....
3.	ई–मेल आईडी	:–	.....

छत्तीसगढ राज्य के छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड के 19 विभिन्न जिलों के प्रदायकेन्द्रों में वर्ष 2020–21 में माह जून, 2020 आबंटन के भण्डारण पश्चात् उपलब्ध 29.204 **मे.टन** तुअर (अरहर) दाल भण्डारित है जिसका विक्रय ई–निविदा के माध्यम से किए जाने हेतु **प्रतिष्ठित निविदाकारों/संस्थानों** से ऑनलाईन निविदा दरें आमंत्रित की जाती है।

E-TENDER Schedule

Seq.No.	NAN	Start	
		Date	Time
1	Bid Start date	**19-10-2020**	11.00 AM
2	Bid due date	**18-11-2020**	5.00 PM
3	Bid open date from	**19-11-2020**	11.00 AM

टिप्पणी :–

1. निविदा खोलने के लिये निर्धारित तारीख को यदि अवकाश घोषित किया जाता है, तो अवकाश के पश्चात् अगले कार्यकारी दिवस को निविदा खोली जायेगी लेकिन निविदा खोलने के उपरोक्त दर्शाये गये समय में परिवर्तन नहीं होगा।
2. यह निविदा फार्म अहस्तांतरणीय है।
3. निविदा दस्तावेज दिनांक **18.11.2020 को सायं 5.00 बजे** तक ऑनलाईन से जमा किया जा सकता है। निविदा दस्तावेज जमा करने हेतु पर्याप्त समय दिया गया है। निविदाकारों को यह सुझाव दिया जाता है कि निविदा जमा करने की ऑनलाईन निर्देश एवं प्रक्रिया का विधिवत् अध्ययन कर ले, एवं अंतिम समय का इंतजार किये बिना नियत अंतिम समय के पूर्व निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर ऑनलाईन निविदा जमा किया जावे, ताकि अंतिम समय में सॉफ्टवेयर/कनेक्टीविटी आदि में तकनीकी समस्या होने पर निविदा जमा करने में कठिनाई न हो, अंतिम समय में सॉफ्टवेयर/कनेक्टीविटी आदि में तकनीकी समस्या आने के कारण ऑनलाईन निविदा दस्तावेज जमा नहीं हो पाने पर निर्धारित समय–सीमा में वृद्धि करने हेतु कोई दावा आपत्ति, अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा और ना ही मैन्युअल निविदा स्वीकार की जावेगी।
4. निविदा दस्तावेज की प्रति Online ही प्रस्तुत की जावेगी एवं इसके हर पृष्ठ पर निविदाकार के हस्ताक्षर एवं सील होना अनिवार्य है।
5. निविदा प्रपत्र वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र वेबसाईट से प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाना होगा। निविदा फार्म के लिए राशि रू. 1000.00 (एक हजार मात्र) प्रोसेसिंग फीस एवं रू. 311.00 (तीन सौ ग्यारह रूपये मात्र) बीड सबमिशन फीस कुल राशि रू. 1311.00 (एक हजार तीन सौ ग्यारह रूपये मात्र) वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में निर्धारित लिंक में चिप्स के एकाउन्ट में ऑनलाईन के माध्यम से जमा किया जाना होगा।

निविदाकार के हस्ताक्षर व सील

6. निविदा दस्तावेज जमा करने से पहले ही निविदाकार यह सुनिश्चित कर ले कि उनका ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में पंजीयन हो तथा उनके पास डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) उपलब्ध हो।

7. प्रमाणित किया जाता है कि यह निविदा फार्म पृष्ठ **01** से **26** तक समाहित है। उपरोक्त समस्त निर्देश भी निविदा का भाग होगा।

प्रबंध संचालक
छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज
कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर (छ0ग0)

निविदाकार के हस्ताक्षर व सील

//उद्बोधन//

प्रिय निविदाकार,

1. छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड के लिए तथा उसकी ओर से प्रबंध संचालक द्वारा वर्ष 2020–21 में माह जून, 2020 भण्डारण के पश्चात् शेष उपलब्ध **29.204 मे. टन** तुअर (अरहर) दाल जो प्रदेश के 19 जिले के विभिन्न गोदामों में भण्डारित है को विक्रय हेतु निविदा के माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती है।
2. उल्लेखनीय है कि यह कार्पोरेशन कंपनी अधिनियम के अंतर्गत पंजीबद्ध होकर छत्तीसगढ़ शासन के उपक्रम के रूप में वर्ष 2001 से कार्यरत है। कार्पोरेशन द्वारा मुख्यतः जन उपयोगी कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें खाद्यान्न/चना/नमक/शक्कर/दलहन/बारदाना/मक्का आदि की खरीदी/वितरण/विक्रय सम्मिलित है।
3. इस निविदा दस्तावेज में संलग्न परिशिष्ट में निविदा के निर्देश और मार्गदर्शक सूचनायें, संविदा को शासित करने वाले नियम व शर्तें, तथा छत्तीसगढ़ स्थित प्रदाय केन्द्रों, जहां तुअर (अरहर) दाल का भंडारण किया गया है, **जहां है, जैसा है, के हालत में विक्रय किया जाना है**, जिसका विवरण परिशिष्ट 02 में दिया गया है।
4. निविदाकार से अनुरोध है कि कृपया कार्पोरेशन द्वारा जारी निविदा आमंत्रण सूचना व इन दस्तावेजों को भलीभांति पढ़ने और समझने के बाद ही अपनी प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्रस्तुत करें।
5. निविदाकार से यह भी अनुरोध है, कि निविदा फार्म के प्रत्येक पृष्ठ पर इसके लिए नियत स्थान पर सील सहित हस्ताक्षर करें। निविदा सूचना के प्रकाशन अनुसार भरे हुए निविदा निर्धारित समय तक ही आनलाईन स्वीकार किए जायेंगे।
6. इस उद्बोधन सहित, निविदा आमंत्रण, निविदा निर्देश व मार्ग दर्शक सूचनायें, संविदा को शासित करने वाले नियम व शर्तें, निविदा दस्तावेज एवं उनमें संलग्न सभी पृष्ठ एवं परिशिष्ट आदि इस तुअर (अरहर) दाल विक्रय संविदा के अभिन्न अंग हैं और निविदाकार इनसे आबद्ध रहने के लिए बाध्य होगा।

तुअर (अरहर) दाल विक्रय निविदा हेतु निम्न बिन्दु विशेष ध्यान देने योग्य हैं–

(अ) निविदा में उपयुक्त दरें प्राप्त न होने पर क्रमशः उच्चतम दरदाता से क्रमवार निगोशियेशन किया जा सकता है । इस संबंध में अंतिम निर्णय प्रबंध संचालक का मान्य होगा।

(ब) निविदाकर्ता निविदाफार्म के साथ में वांछित दस्तावेज यथा अमानत राशि (RTGS/Transfer Receipt) आयकर विवरणी, पेनकार्ड, फर्म/कंपनी का पंजीयन (स्वामित्व/प्रोपराइटर शीप निविदाकार को पंजीयन की आवश्यकता नही है।), तकनीकी बीड/फाईनेसियल बीड घोषणा पत्र, अमानत राशि का विवरण पत्रक आदि एवं आवश्यक दस्तावेज संलग्न करें। वांछित दस्तावेज संलग्न नहीं होने पर निविदा अस्वीकार कर दी जावेगी ।

(स) निविदाकार को इस निविदा के साथ संलग्न निविदाकार का परिचय एवं संक्षिप्त विवरण को पूर्ण रूपेण फोटो संलग्न करते हुए भरा जाना अनिवार्य है। कृपया इसका विशेष ध्यान रखें। प्रत्येक विवरण अपेक्षित तथ्यों के साथ पूर्ण भरा जाना है।

उक्तानुसार आपसे अनुरोध है, कि संबंधित परिशिष्ट एवं दस्तावेजों का भलीभांति अध्ययन कर कार्पोरेशन के वृहद, जन उपयोगी और व्यवसायिक कार्यों में सहभागिता के दृष्टिकोण से अपनी प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्रस्तुत करें।

शुभकामनाओं सहित।

प्रबंध संचालक
छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज
कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर (छ0ग0)

निविदाकार के हस्ताक्षर व सील

परिशिष्ट – 01

// तुअर (अरहर) दाल विक्रय की निविदा संबंधी प्रक्रिया, निविदा हेतु परिभाषाएं, निविदा के नियम एवं शर्तें //

1. **निविदा में अभिप्रेरित परिभाषाएँ** :–

1.1 **''तुअर (अरहर) दाल''** से तात्पर्य यह है कि खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में उपलब्ध तुअर (अरहर) दाल **जहां है, जैसा है,** कि स्थिति।

1.2 **''निविदा दस्तावेज''** से तात्पर्य यह है कि तुअर (अरहर) दाल विक्रय ई–निविदा हेतु जारी की गई प्रोफार्मा को निविदाकार द्वारा विधिवत भरा गया दस्तावेज।

1.3 **''संविदा''** से तात्पर्य यह है कि तुअर (अरहर) दाल विक्रय हेतु कार्पोरेशन व क्रेता प्रदायकर्ता के मध्य करार, जिसमें निविदा में उल्लेखित निर्देश, निविदा संबंधी दस्तावेज, अनुबंध एवं शेड्यूल के अंतर्गत स्वीकार करना एवं निविदा से संबंधित सामान्य एवं सभी शर्तें सम्मिलित है।

1.4 **''कार्पोरेशन/निगम''** शब्द से तात्पर्य यह है कि छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर से अभिप्रेत है कि कंपनी अधिनियम 1956 के अधीन स्थापित छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड है।

1.5 **''प्रबंध संचालक''** से तात्पर्य यह है कि छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर के प्रबंध संचालक, जिसके प्रशासनिक क्षेत्रान्तर्गत तुअर (अरहर) दाल विक्रय की संविदा संबंधित है का निष्पादन किया जाना है इसमें प्रबंध संचालक द्वारा प्राधिकृत अन्य अधिकारी भी सम्मिलित रहेंगे।

1.6 **''निविदाकार''** शब्द से तात्पर्य यह है कि ऐसे व्यक्ति, फर्म, कंपनी, संघ, समिति, संस्था या प्रतिष्ठान जिसने इस निविदा में भाग लिया है या निविदा प्राप्त किया है। इस तात्पर्य के अंतर्गत व्यक्ति, फर्म, कंपनी, संघ, संस्था की ओर से विधिवत अधिकृत व्यक्ति भी मान्य होंगे।

1.7 **''सफल निविदाकार''** शब्द से तात्पर्य यह है कि ऐसे व्यक्ति, फर्म, कंपनी, संघ, समिति, संस्था या प्रतिष्ठान जिसकी दरे स्वीकृत हुई है। इस तात्पर्य के अंतर्गत व्यक्ति, फर्म, कंपनी, संघ, संस्था की ओर से विधिवत अधिकृत व्यक्ति भी मान्य होंगे।

1.8 **''दर ''** से तात्पर्य यह है कि दर निविदाकार द्वारा तुअर (अरहर) दाल खरीदी के लिए E-Tender के माध्यम से निर्धारित कॉलम मे ऑनलाईन भरी गई राशि भारतीय मुद्रा रूपये (INR) मे दर्ज की जावे, जिसे प्रबंध संचालक या उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जावेगा।

1.9 **''संग्रहण केन्द्र/गोदाम''** का तात्पर्य यह कि कार्पोरेशन के जिला कार्यालय अन्तर्गत संचालित छ.ग. स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन/सीडब्ल्यूसी/मंडी/कार्पोरेशन द्वारा लिया गया गोदाम जहां पर तुअर (अरहर) दाल का भण्डारण किया गया है।

2. **निविदा के नियम एवं शर्तें**

2.1 कार्पोरेशन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2020 में जून 2020 भण्डारण पश्चात् शेष उपलब्ध **29.204 मे.टन** का विक्रय किया जाना हैं जो कार्पोरेशन के विभिन्न प्रदाय केन्द्रों में उपलब्ध हैं। निविदा दस्तावेज में दिये गये मात्रा से प्रदाय केन्द्रों में संग्रहित तुअर (अरहर) दाल की मात्रा कम या अधिक हो सकती है। जिससे निविदाकार मानने के लिए बाध्य होगा।

2.2 इच्छुक क्रेताओं से उनके लेटरहेड (जिसमें निविदादाता का नाम, फर्म/कंपनी का नाम व पता, टेलीफोन नं./मोबाइल नबर, पेन कार्ड आदि परिशिष्ट–01 की कंडिका 3.5 के अनुसार) संलग्न कर तुअर (अरहर) दाल क्रय हेतु जिले के नाम सहित टेक्नीकल बीड लिखकर आनॅलाईन प्रस्तुत करना होगा।

2.3 **निविदाकार द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली वांछित दस्तावेज को स्वयं हस्ताक्षर कर प्रस्तुत करना अनिवार्य है।**

2.4 तुअर (अरहर) दाल का विक्रय **''जहां है, जैसा है''** के आधार पर किया जावेगा।

2.5 तुअर (अरहर) दाल क्रय हेतु प्रस्तुत आफर के साथ प्रति मे.टन 10,000/–(दस हजार रूपये मात्र) की दर से **अर्नेस्ट मनी राशि ''छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड'' रायपुर** के पक्ष में निविदादाता स्वयं/फर्म/कंपनी के बैंक खाते से निगम के **स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, कामॅर्शियल ब्रांच, कामॅर्शियल ब्रांच, पुजीरी पार्क, द्वितीय तल, पचपेड़ी नाका, रायपुर–छ.ग. के खाता क्रमांक** 10822706427 IFS Code- SBIN0008536 **जमा करना अनिवार्य होगा।** बिना अमानत राशि के प्राप्त आफर अमान्य कर दिये जायेंगे। **दरें स्वीकृत होने पर एक सप्ताह में अनुबंध निष्पादन करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा के साथ जमा अमानत राशि निगम के पक्ष में राजसात कर ली जायेगी।**

2.6 **निविदाकार अपनी दरें प्रति मे.टन में प्रस्तुत करेगा।**

2.7 क्रय/विक्रय हेतु निर्धारित लायसेंस अनुज्ञा इत्यादि लेने की जिम्मेदारी निविदादाता की रहेगी।

2.8 तुअर (अरहर) दाल क्रय करने के पूर्व क्रेता संग्रहित स्थलों पर स्वयं के खर्चे पर तुअर (अरहर) दाल का निरीक्षण कर सकते हैं।

2.9 अनुबंध दिनांक से 30 दिन की अवधि में संपूर्ण मात्रा का उठाव करना अनिवार्य होगा।

2.10 जिले के केन्द्र की पूरी मात्रा के लिए दरें प्रस्तुत होना चाहिये। डिलीव्हरी दौरान अतिरिक्त बारदाना लगता हो तो रू. **55/–प्रतिनग** की दर से राशि जमा करना होगा। (अतिरिक्त बारदाना 1 भरती का होगा)

2.11 तुअर (अरहर) दाल परिदान के दौरान निगम के द्वारा कोई भी हम्माली एवं परिवहन खर्च वहन नहीं किया जायेगा। अतः क्रेता को स्वयं के व्यय पर अनुबंधित मात्रा का उठाव करना अनिवार्य होगा।

2.12 अनुबंध में दर्शित समय–सीमा के भीतर तुअर (अरहर) दाल का उठाव नहीं करने पर जमा राशि निगम के पक्ष में राजसात कर ली जावेगी।

2.13 प्राप्त उच्चतम दर के आधार पर तुअर (अरहर) दाल का विक्रय किया जावेगा। **अतः सफल निविदादाता को स्वीकृति आदेश प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर पूर्ण राशि जमा कर स्वीकृत मात्रा के लिए तुअर (अरहर) दाल उठाव हेतु अनुबंध करना होगा एवं अनुबंध दिनांक से 30 दिवस की अवधि में तुअर (अरहर) दाल का उठाव करना अनिवार्य होगा।**

2.14 सफल निविदाकार द्वारा अनुबंध में उल्लेखित समयावधि में अनुबंधित मात्रा का पूर्ण उठाव करना अनिवार्य होगा। नियत समयावधि में अनुबंधित मात्रा का उठाव नहीं कर पाने की स्थिति में शेष बची मात्रा का उठाव करने के लिए निविदाकार/क्रेता को एसडब्ल्यूसी/सीडब्ल्यूसी की निर्धारित दर से भंडारण शुल्क एंव ब्याज की राशि जमा करने पर कार्पोरेशन द्वारा अधिकतम 15 दिवस का अतिरिक्त समय दिया जा सकेगा।

2.15 अतिरिक्त समय–सीमा में भी अनुबंधित मात्रा का पूर्ण उठाव नहीं कर पाने की स्थिति में निविदाकार/क्रेता को वास्तविक कारण सहित आवेदन–पत्र जिला प्रबंधक के माध्यम से स्पष्ट अभिमत के साथ कार्पोरेशन के मुख्यालय में प्रस्तुत करना होगा। कार्पोरेशन द्वारा समस्त परिस्थितियों पर विचारोपरांत अतिरिक्त समय–सीमा में वृद्धि के लिए निर्णय लिया जावेगा। द्वितीय बार समयावधि में अधिकतम एक सप्ताह की वृद्धि की जावेगी। इस अवधि में क्रेता को शेष बची मात्रा पर भंडारण शुल्क की राशि जमा करने के साथ–साथ निविदा की स्वीकृत दर से गणना कर विक्रय राशि पर कार्पोरेशन की प्रचलित दर से ब्याज की राशि भी जमा करना अनिवार्य होगा।

2.16 तुअर (अरहर) दाल विक्रय हेतु स्थानीय कर/अन्य कर लागू होता हो, तो वह अतिरिक्त होगा एवं क्रेता के द्वारा वहन किया जायेगा।

2.17 सभी प्रकार के विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा।

3. जमानत राशि जमा करने के संबंध में :–

3.1 निविदाकार/क्रेता को निविदा भरते समय क्रय किये जाने वाली मात्रा पर रू. 10000/– प्रति मे. टन की दर से अर्नेस्ट मनी जमा करना अनिवार्य है। निविदा के साथ संलग्न किये जाने वाले अन्य दस्तावेजों के साथ अर्नेस्ट मनी (अमानत राशि) निविदाकार/क्रेता स्वयं/फर्म/कंपनी के बैंक खाते से **''छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड'' रायपुर** के पक्ष में निविदादाता स्वयं/फर्म/कंपनी के बैंक खाते से निगम के **स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, कामॅर्शियल ब्रांच, पुजीरी पार्क, द्वितीय तल, पचपेड़ी नाका, रायपुर–छ.ग. के खाता क्रमांक** 10822706427 IFS Code- SBIN0008536 **जमा करना अनिवार्य होगा।** बगैर अमानत राशि के अथवा निर्धारित राशि से कम राशि होने पर निविदा निरस्त कर दी जावेगी।

3.2 निविदाकार/क्रेता द्वारा निविदा फार्म के साथ स्वयं/फर्म/कंपनी के बैंक खाते से निगम के दर्शित खाते में **RTGS/Online transfer** के माध्यम से जमा की गई राशि के प्रमाणस्वरूप बैंक स्लिप की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3.3 निविदा स्वीकृत होने की दशा में निविदा स्वीकृति दिनांक से अधिकतम 07 दिवस के अंदर निविदाकार को निविदा में भरी गई दरों अनुसार सम्पूर्ण मात्रा हेतु कार्पोरेशन के साथ अनुबंध निष्पादित करना अनिवार्य होगा। **निविदाकार द्वारा निविदा के समय प्रस्तुत अमानत राशि को अंतिम उठाव के समय समायोजित की जावेगी।**

3.4 निविदाकार द्वारा कार्पोरेशन में जमा की गई अमानत राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.5 **टेक्नीकल बीड के साथ अनिवार्यतः संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज/सहपत्रः–**

निविदाकार को टेक्नीकल बीड के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की छायाप्रति स्वंय हस्ताक्षर करने उपरांत नोटरी से सत्यापित करा कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। इसमें से किसी भी दस्तावेज के अभाव में निविदा अस्वीकार कर दी जावेगी।

1. निर्धारित अमानत राशि R.T.G.S/ट्रांसफर के माध्यम से ऑन लाईन जमा कराने के प्रमाण के रूप में बैंक की जमा रसीद स्केन कर अपलोड करना होगा। **(UTR नम्बर सहित)**
2. वित्तीय वर्ष 2016–17 अथवा 2017–18 अथवा 2018–19 की आयकर विवरणी।
3. पेनकार्ड की सत्यापित प्रति।
4. यदि निविदाकार कोई फर्म हो तो, फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र। भागीदारी फर्म होने की स्थिति में भागीदारी विलेख, कंपनी होने पर मेमोरेण्डम ऑफ एसोसियेशन एण्ड आर्टिकल्स (प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि)। (स्वामित्व/प्रोपराइटर शीप निविदकार को रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं है।)
5. निविदाकार फर्म अथवा कंपनी होने की स्थिति में, फर्म/कंपनी की ओर से निविदा में हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का अधिकार पत्र/मुख्त्यारनामा (नोटरी द्वारा सत्यापित)।
6. निविदा दस्तावेज की प्रति जिसके समस्त पृष्ठों पर निविदाकार के स्व–प्रमाणित हस्ताक्षर एवं सील सहित ।
7. तकनीकी बीड संबंधी घोषणा पत्र **(नोटरी से प्रमाणित) परिशिष्ट–7**
8. फाईनेि ायल बीड संबंधी घोषणा पत्र **(नोटरी से प्रमाणित)परिशिष्ट–8**
9. अमानत राशि का विवरण–पत्रक **परिशिष्ट–2 में** जिलेवार/प्रदाय केन्द्रवार (जहॉ के लिए निविदा भरी गई हो) उल्लेखित मात्रा के विरूद्ध निर्धारित अमानत राशि का पूर्ण विवरण भरकर प्रस्तुत करना होगा।

04. निविदा में हस्ताक्षर :–

निविदा प्रपत्र में निविदाकार द्वारा हस्ताक्षर करने के उपरांत उसका पूरा नाम, पूरा पता एवं किस हैसियत से, जैसा कि स्वामी, भागीदार, कंपनी सचिव, प्रबंध संचालक, मुख्तयार या संचालक के रूप में हस्ताक्षर किया, उसका उल्लेख करना अनिवार्य है। निविदाकार की ओर से अधिकृत व्यक्ति द्वारा अगर निविदा प्रस्तुत की जाती है, तो इस संबंध में पावर ऑफ एटार्नी दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। पावर ऑफ एटार्नी के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। अगर कंपनी/समिति, द्वारा पावर ऑफ एटार्नी जारी किया जाता है, तो पावर ऑफ एटार्नी पर सभी भागीदारों के नाम सहित फर्म/कंपनी/समिति प्रमुख के हस्ताक्षर मय सील होना अनिवार्य है। भागीदारी फर्म होने की दशा में भागीदार के नाम, पता, फोटो, पेन कार्ड की प्रमाणित प्रति सहित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निविदा दस्तावेज ऑनलाईन मूल प्रति से स्केन कराकर ही प्रस्तुत किया जावेगा एवं इसके हर पृष्ठ पर निविदाकार के सील सहित हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।

05. निविदा दर प्रस्तुत करने के संबंध में :–

निविदाकार निर्धारित ई–निविदा दस्तावेज में संलग्न परिशिष्ट 02 जिसमें जिलो के प्रदाय केन्द्रों में जमा मात्रा की जानकारी दी गई है कि पूर्ण मात्रा का निविदा दर देना अनिवार्य होगा। उक्त स्थानों के लिए तुअर (अरहर) दाल क्रय करने हेतु प्रति मे.टन दर ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाना होगा।

5.1 फैक्स, कोरियर अथवा किसी प्रकार के डाक के माध्यम से प्राप्त निविदाएं विचार योग्य नहीं होगी। निविदा केवल ऑनलाईन ही प्रस्तुत करें।

5.2 निविदा प्रपत्र में निविदाकार अपना पूर्ण हस्ताक्षर करें। निविदाकार को तुअर (अरहर) दाल उठाने हेतु राज्य शासन के आवश्यक परमिट इत्यादि की व्यवस्था स्वयं करना होगा तथा इसमें विभाग/संस्था किसी प्रकार का सहयोग नहीं करेगा, और न ही किसी प्रकार के कर भुगतान या अन्य भुगतान हेतु उत्तरदायी होगा।

5.3 प्रस्तुत किये जाने वाले वांछित दस्तावेज को निविदाकार द्वारा स्वयं हस्ताक्षर कर प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

5.4 निविदाकर्ता का यह दायित्व होगा कि वे निविदा भरने से पूर्व छत्तीसगढ़ स्थित प्रदाय केन्द्रों, सड़क/रेल मार्ग का भली–भांति अवलोकन/परीक्षण करें। दरें भरने से पूर्व सभी पहलुओं पर अपनी संतुष्टि कर लेवें। निविदा भरने या खुलने के उपरांत इसमें किसी प्रकार का स्पष्टीकरण, मार्गदर्शन, विवाद मान्य नहीं होगा।

5.5 ऐसे निविदाकार जिनकी टेक्नीकल बीड क्वालीफाई नहीं की गई है, उनकी प्राइज बीड नही खोली जावेगी, एवं निविदा को अमान्य कर दिया जावेगा।

5.6 तुअर (अरहर) दाल का विक्रय शासन द्वारा समय–समय पर निर्धारित नीति निर्देशों के अनुसार किया जायेगा। शासन की नीति अथवा आदेश होने पर निविदा स्वीकृति के बाद भी विक्रय रोका जा सकता है। इससे अगर निविदाकार/अनुबंधित क्रयकर्ता को कोई हानि होती है तो इसकी जवाबदारी कार्पोरेशन की नहीं होगी।

5.7 संविदा अवधि में किसी भी कारण से जैसे – बाजार मूल्य, उतार–चढाव होने पर अथवा राज्य शासन द्वारा किसी प्रकार का टैक्स लगाये जाने से अथवा छूट देने से भरी गयी दरें प्रभावित होती है तो उस स्थिति में क्रयकर्ता को कोई भी लाभ नहीं दिया जावेगा।

06. निविदा स्वीकार करने प्रकिया :–

6.1 छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड को प्रस्तुत निविदा हेतु निविदा को बिना किसी कारण के मान्य/अमान्य/पूर्ण अथवा आंशिक रूप से मान्य करने का पूर्ण अधिकार कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक के पास सुरक्षित है।

6.2 ऑनलाईन प्रस्तुत की गई समस्त दस्तावेजों की मूल प्रति निविदा स्वीकृत होने के पश्चात अनुबंध के साथ जमा किया जाना अनिवार्य है।

7. अनुबंधः–

7.1 निविदाकारों द्वारा प्रस्तुत निविदा दरें निविदा खुलने की दिनांक से 120 दिन तक वैध रहेगी जिसे मानने हेतु निविदाकार बाध्य रहेगा ।

7.2 निर्धारित अवधि में अनुबंध निष्पादित नहीं करने की स्थिति में निविदा फार्म के साथ जमा अमानत की राशि यथास्थिति अनुसार कार्पोरेशन के हित में राजसात कर निविदाकार का नाम आगामी तीन वर्षो के लिए काली सूची में दर्ज कर दी जावेगी।

7.3 **संविदा के पक्षकार तुअर (अरहर) दाल क्रयकर्ता प्रतिष्ठान एवं प्रबंध संचालक की ओर से मनोनीत अधिकारी, छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड होंगे।**

8. निविदा में संशोधन, क्लेरिफिकेशन व परिमार्जनः–

8.1 कार्पोरेशन निविदा की शर्तो में निविदा जमा करने हेतु नियत तिथि से 05 दिवस पूर्व तक संशोधन, क्लेरिफिकेशन व परिमार्जन कर सकता है। ऐसे सभी संशोधन, क्लेरिफिकेशन व परिमार्जन निविदा दस्तावेज के अभिन्न अंग माने जायेगें।

8.2 सभी संशोधन, क्लेरिफिकेशन व परिमार्जन आदि वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in पर ही प्रदर्शित किए जावेगें।

8.3 सभी निविदाकर्ताओं से अपेक्षा हैं कि वे समय–समय पर वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in पर कार्पोरेशन द्वारा किए गए संशोधन, क्लेरिफिकेशन व परिमार्जन आदि को भी देखते रहे। निविदाकार को उक्तानुसार संशोधनों आदि के कारण किसी भी प्रकार की त्रुटि, भ्रांति/शंका व वेबसाइट अपडेट रूप से न देखने के कारण असफलता/हानि या किसी प्रकार की क्षति होती हैं, तो कार्पोरेशन का उत्तरदायित्व नहीं होगा।

9. विवादों का निराकरणः–

9.1 इस निविदा में उल्लेखित समस्त कंडिकाओं और परिि ाष्टों के अभिप्राय (इंटरप्रिटेशन), व्याख्या और स्पष्टता के विषय में किसी भी प्रकार से उत्पन्न विवाद का अंतिम निर्णय कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक द्वारा किया जावेगा, जो दोनों पक्षों (निगम एंव निविदाकार) को मान्य होगा।

9.2 उभय पक्षों के मध्य इस निविदा तथा अनुबंध के सबंध में कोई भी विवाद उत्पन्न होने के 60 दिवस के भीतर प्रबंध संचालक, छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड को निराकरण हेतु प्रस्तुत किये जायेगें जिसका निराकरण प्रस्तुती दिनांक से 30 दिवस के भीतर किया जावेगा। उक्त 30 दिन की समय–सीमा उभय पक्षों के द्वारा आपसी सहमति से बढ़ाई जा सकती हैं । यदि कोई पक्ष प्रबंध संचालक द्वारा पारित आदेश से असंतुश्ट हो या प्रबंध संचालक के द्वारा उक्त विवाद के निराकरण हेतु छत्तीसगढ़ मध्यस्थम अधिकरण अधिनियम 1983 के अन्तर्गत गठित छत्तीसगढ़ मध्यस्थम अधिकरण रायपुर में निर्णय हेतु प्रस्तुत कर सकता है जिसका निराकरण छत्तीसगढ़ मध्यस्थम अधिकरण अधिनियम 1983 के तहत होगा, जो अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

9.3 मध्यस्थ द्वारा पारित आवर्ड में देय राशि या उसके किसी भी भाग पर आवर्ड दिनांक से पूर्व कोई भी ब्याज देय नहीं होगा।

परिशिष्ट – 02

छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

ब्लाक–7ए, द्वितीय तल, सेक्टर–24, ऑफिस कॉम्प्लेक्स, अटल नगर, नवा रायपुर
मुख्यालय–रायपुर

// तुअर (अरहर) दाल विक्रय हेतु ई–निविदा //

छत्तीसगढ राज्य के छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड के निम्नलिखित 19 विभिन्न जिलों के प्रदायकेन्द्रों में वर्ष 2019–20 माह जून आबंटन के भण्डारण के पश्चात् शेष उपलब्ध **29.204 मे.टन** तुअर (अरहर) दाल भण्डारित है, जिलेवार प्रदायकेन्द्रों में भण्डारित/उपलब्ध तुअर (अरहर) दाल की मात्रा निम्नानुसार है :– **(मात्रा टन में)**

क्र.	जिला	प्रदाय केन्द्र	उपलब्ध तुअर दाल(मे.टन)
1	बस्तर	करपावंड़	0.046
		जगदलपुर	3.361
		बस्तर(घाट लोहंगा)	0.014
		केशलुर	0.054
2	दन्तेवाड़ा	गीदम	0.072
3	कांकेर	कांकेर	0.074
4	कोंडागांव	कोंडागांव	0.048
5	सुकमा	सुकमा	1.143
6	जांजगीर	बाराद्वार	0.026
7	मुंगेली	मुंगेली	0.100
		लोरमी	0.002
8	रायगढ़	सारंगढ़	0.083
9	बालोद	बालोद	0.004
		चिटौद	0.003
10	बेमेतरा	बेमेतरा	0.010
11	दुर्ग	दुर्ग	0.471
12	कवर्धा	कवर्धा	1.001
		बोड़्ला	0.018
13	राजनांदगांव	खैरागढ़	0.181
		राजनांदगांव	2.361
14	बलौदा बाजार-भाटापारा	बलौदाबाजार	0.227
		बिलाईगढ़	0.083
		अर्जुनी	0.026
15	गरियाबंद	गरियाबंन्द	0.015
16	महासमुंद	महासमुंद	0.035
17	रायपुर	रायपुर	19.601
		नयापारा(रायपुर)	0.046
18	बलरामपुर	रामानुजगंज	0.032
19	सूरजपुर	सूरजपुर	0.067
योग			**29.204**

उपरोक्त दर्शित मात्रा में कमी/अधिक हो सकती है, जिससे मानने के लिए निविदाकार बाध्य होगा।

निविदाकार के हस्ताक्षर व सील

परिशिष्ट – 03

निविदाकार की स्वप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो

// निविदाकार का परिचय एवं संक्षिप्त विवरण //

प्रेषक,

..... (तुअर (अरहर) दाल क्रयकर्ता का नाम)
..... (एवं पूर्ण पता)
.....(ई–मेल आई.डी. एवं मोबाईल नम्बर)

प्रति,

प्रबंध संचालक,
छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड
रायपुर (छत्तीसगढ़)

प्रिय महोदय,

छ.ग. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड, द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थित विभिन्न जिलों के/गोदामों में तुअर (अरहर) दाल विक्रय हेतु प्रकाशित निविदा सूचना को पढ़कर हमने यह निविदा फार्म वेबसाईड में अपलोड़ किया। हमने/मैंने निविदा के आमंत्रण में दिए गए निर्देशों/निविदा/संविदा शर्तों, नियमों तथा इसके परिशिष्ट में दिए गए विवरण को भली भांति पढ़ लिया है, उनको समझ लिया तथा हम/ मैंने उनके पालन के लिए सहमत हैं/हूँ।

2. हम/मैंने तुअर (अरहर) दाल छत्तीसगढ़ राज्य स्थित विभिन्न जिलों के प्रदाय केन्द्रों पर **जहां है, जैसा हैं, के आधार पर** क्रय करने हेतु प्रकाशित निविदा के तारतम्य में यह निविदा प्रस्तुत कर रहे है। हमारा / मेरा अन्य विवरण निम्नानुसार है –

(01) निविदाकार का नाम पता .....

(02) दूरभाष/मोबाइल नं. क्रमांक कार्यालय .....

इण्डस्ट्रीज/ईमेल आईडी .....

(03) निविदाकार की फर्म का स्वरूप (फर्म/ .....

कंपनी/स्वामित्व/हिन्दू अविभाजित परिवार)

(04) मुखिया (कर्ता) का नाम व पता .....

(05) यदि भागीदारी फर्म है तो समस्त भागीदारी के.....

नाम/पते (भागीदारी विलेख की प्रमाणित प्रति.....

संलग्न करें)

(06) फर्म की स्थापना, पंजीयन क्रमांक एवं .....

दिनांक (सत्यप्रतिलिपि संलग्न करें) .....

(07) पंजीयन क्रमांक एवं .....

दिनांक (सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करें) .....

(08) पेनकार्ड की सत्यापित प्रति .....

संलग्न करें। .....

(09) बैंकर का नाम शाखा सहित (IFSC कोड सहित

खाता क्रमांक का विवरण देवें) .....

निविदाकार के हस्ताक्षर व सील

(10) निविदादाता स्वयं/फर्म/कंपनी के बैंक खाते से.....
जमा की गई अमानत राशि का विवरण

रू. .....

बैंक RTGS/ ट्रांसफर रसीद न. .....

बैंक का नाम .....

.....

दिनांक .....

(11) इस दस्तावेज के साथ संलग्न अभिलेखों की सूची

1. .....
2. .....
3. .....
4. .....
5. .....

(12) हमारी/मेरी निविदा फार्म में उल्लेखित की गई दरें निविदा खुलने की तारीख से 120 दिन तक वैध रहेंगी, जिसे मानने के लिए हम/मैं बाध्य रहेंगे/रहूंगा/रहूंगी

(13) यदि निगम द्वारा हमें/मुझे तुअर (अरहर) दाल क्रय की दर स्वीकृत की जाती है, तो हम/मैं निर्धारित अवधि में नियमानुसार प्रतिभूति राशि जमा करके अनुबंध/उठाव करने के लिए सहमत है/हूँ।

(14) हम/मैं इसके द्वारा घोषित करते हैं/ करता हूँ कि निविदा फार्म तथा उसके साथ संलग्न परिशिष्ट में की गई प्रविष्टियॉ मेरे पूर्ण विश्वास एवं ज्ञान में सही है।

नोट : इसमें अपेक्षित विवरण स्पष्ट रूप से भरे एवं संपूर्ण कालम में वांछित जानकारी का उल्लेख करना अनिवार्य है। अन्यथा अपेक्षित विवरण के अभाव में निविदा निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

दिनांक .....

हस्ताक्षर .....

नाम .....

फर्म का नाम .....

पूरा पता .....

हैसियत .....

मुहर

निविदाकार के हस्ताक्षर व सील

परिशिष्ट – 04

प्राईज बीड

वर्ष 2020–21 में ई–निविदा के माध्यम से जिलेवार/प्रदाय केन्द्रवार उपलब्ध तुअर (अरहर) दाल को क्रय करने के लिए प्रस्तुत दरों का विवरण

- **तुअर (अरहर) दाल की विक्रय मुल्य राशि रूपए 76/– प्रति किलोग्राम निर्धारित है। उक्त दर से कम दर प्राप्त होने पर निविदा मान्य नहीं होगी।**

क्र.	जिला	प्रदाय केन्द्र का नाम (जहॉ तुअर (अरहर) दाल उपलब्ध है)	उपलब्ध तुअर (अरहर) दाल मात्रा (मे.टन में)	दर रू. (समस्त करों सहित) प्रति में.टन	
				(अंको में) INR	(शब्दो में) INR
1	बस्तर	करपावंड़	0.046		
		जगदलपुर	3.361		
		बस्तर(घाट लोहंगा)	0.014		
		केशलुर	0.054		
2	दन्तेवाड़ा	गीदम	0.072		
3	कांकेर	कांकेर	0.074		
4	कोंडागांव	कोंडागांव	0.048		
5	सुकमा	सुकमा	1.143		
6	जांजगीर	बाराद्वार	0.026		
7	मुंगेली	मुंगेली	0.100		
		लोरमी	0.002		
8	रायगढ़	सारंगढ़	0.083		
9	बालोद	बालोद	0.004		
		चिटौद	0.003		
10	बेमेतरा	बेमेतरा	0.010		
11	दुर्ग	दुर्ग	0.471		
12	कवर्धा	कवर्धा	1.001		
		बोड़्ला	0.018		
13	राजनांदगांव	खैरागढ़	0.181		
		राजनांदगांव	2.361		
14	बलौदा बाजार-भाटापारा	बलौदाबाजार	0.227		
		बिलाईगढ़	0.083		
		अर्जुनी	0.026		
15	गरियाबंद	गरियाबंन्द	0.015		
16	महासमुंद	महासमुंद	0.035		
17	रायपुर	रायपुर	19.601		
		नयापारा(रायपुर)	0.046		
18	बलरामपुर	रामानुजगंज	0.032		
19	सूरजपुर	सूरजपुर	0.067		
योग			**29.204**		

